अग्रवाल महाविद्यालय के संभाग तृतीय में अंतर्महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन वाणिज्य, प्रबंध और अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में 18 अक्टूबर 2016 को किया गया। इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद के 10 महाविद्यालयों के 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मंच पर आकर बोलने के लिए बधाई का पात्र बताया और उन्हें बदलते परिवेश में सचेत और सच्चे रहने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतियोगियों ने अपने-अपने विचारों को अत्यंत कुशलता के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रीती प्रथम, नैंसी और नंदिनी द्वितीय, अगस्त्य और प्रियंका गोयल तृतीय स्थान तथा पुलकित को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। अंत में प्राचार्य महोदय ने भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताएं का आयोजन करते रहने का आश्वासन दिया। जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर डॉ मनोज शुक्ला, श्रीमती किरण आनंद, श्रीमती शोभना गोयल, डॉ शिल्पा गोयल और डॉ ऊषा चौधरी उपस्थित थे।